# निर्णय वइजलास श्री रामसिंह गुर्जर आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी छबडा जिला बारां द्वारा अध्यासित

प्रकरण संख्या 13 / 2024
दायरा दिनांकः—03.06.2024
निर्णय दिनांकः— 25.3.25

## उनवान

1. एसबी गुजरावत उर्फ विनय गुजरावत आयु 40 वर्ष पुत्र परमालसिंह
2. अक्षय कुमार आयु 21 वर्ष पुत्र प्रहलाद सिंह
3. पवन कुमार आयु 19 वर्ष पुत्र प्रहलाद सिंह
4. भजना बाई आयु 50 वर्ष पत्नि प्रहलाद सिंह
5. राधेलाल आयु 60 वर्ष आत्मज परमालसिंह
6. राधेश्याम आयु 45 वर्ष आत्मज परमालसिंह
7. रामकुंवारी आयु 35 वर्ष पुत्री उदयसिंह
8. राममूर्ति आयु 40 वर्ष पुत्री उदयसिंह
9. रोशन आयु 20 वर्ष पुत्र परमालसिंह
10. सूरज आयु 20 वर्ष पुत्र सरनामसिंह
11. अनीता बाई आयु 41 वर्ष आत्मज एसबी गुजरावर्त उर्फ विनय
12. रूपसिंह आयु 21 वर्ष पुत्र बाबूलाल जातियान कंजर निवासीगण शंकर कालोनी तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

बनाम

राजस्थान सरकार जर्ये तहसीलदार छबडा तहसील छबडा जिला बारां (राज0)

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0 आर एक्ट

निर्णय दिनांकः— 25.3.25

अभिभाषक उपस्थितः—1. श्री बृजभूषण शर्मा— प्रार्थी

अभिभाषक वादी द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा,136 एल0आर0एक्ट0 विरूद्ध प्रतिवादीगण के न्यायालय मे इस अशय का पेश किया गया कि वाके ग्राम शंकर कालोनी तहसील छबडा में भूमि खसरा नम्बर 644 रकबा 0. 3262 है0 खसरा नम्बर 703 रकबा 0.5059 है0 खसरा नम्बर 743 रकबा 0.1518 है०, खसरा नंबर 763 रकबा 0.6959 है०, खसरा नंबर 766 रकया 1.7705 है०, खसरा नंबर 766 / 1042 रकबा 0.1012 है०. खसरा नंबर 773 रकबा 1.1761 है० कुल किता सात रकबा 4.7173 है० भूमि प्रार्थी कम 1 ता 9 एवं सरनामसिंह व सनारीबाई के नाम दर्ज है। सरनामसिंह व सनारीबाई की मृत्यु हो गई है। मृतक

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

सनारीबाई के वारिसान प्रार्थी कम 7 व 8 है तथा सरनामसिंह के वारिस् प्रार्थी क्रम 10 है। तथा ग्राम उदपुरिया में भूमि खसरा नम्बर 63/3 रकबा 1.5176 है0 प्रार्थी नम्बर 1 ता 6 एवं 10 के पिता के नाम दर्ज है। वाके ग्राम उदपुरिया तहसील छबड़ा की भूमि खसरा नंबर 77/8 रकबा 1.5176 है० प्रार्थी कम 11 व 12 के नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। प्रार्थना पत्र की मद नंबर 1 में वर्णित भूमि पैत्रिक जायदाद है तथा प्रार्थी कम 1 को विरासत में प्राप्त हुई है। प्रार्थी कम के पिता का स्वर्गवास होने के पश्चात जो फोती इंतकाल खोला गया था, उसमें प्रार्थी कम 1 का बोलता नाम एसवी गुजरावत दर्ज कर दिया गया। जबकि प्रार्थी कम 1 का वास्तविक नाम विनय गुजरावत है तथा प्रार्थी कम 1 को दोनों नामों से जाना जाता है। प्रार्थना पत्र की मद नंबर 2 में वर्णित भूमियात में प्रार्थी कम 11 अनीताबाई के पति का नाम एसवी गुजरावत दर्ज है। जबकि प्रार्थी कम 11 के पति का बोलता नाम एसवी गुजरात है तथा वास्तविक विनय गुजरावत है तथा प्रार्थी कम 11 के पति को दोनों नामों से जाना जाता है। प्रार्थी कम 1 का नाम राजस्व रिकार्ड में एसवी गुजरावत दर्ज है तथा अन्य सरकारी दस्तावेजात आधार कार्ड, परिचय पत्र, पेन कार्ड, राशनकार्ड, जनआधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, चौक डायरी एवं मार्कशीट में विनय गुजरावत नाम दर्ज है। राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी कम 1 एवं प्रार्थी कम 11 के पति एसवी गुजरावत नाम होने तथा सरकारी दस्तावेजात में विनय गुजरावत नाम दर्ज होने से प्रार्थी कम 1 व 11 सरकार द्वारा दी जा रही सभी सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। जिससे प्रार्थी कम 1 व 11 को काफी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ 3 रहा है। प्रार्थी कम 1 राजस्व रिकार्ड में अपना वास्तविक नाम विनय गुजरावत, प्रार्थी कम 11 अपने पति का वास्तविक नाम विनय गुजरावत दर्ज करवाना चाहती है। जिससे सरकार द्वारा दिए जा रहे समस्त लाभ प्रार्थीगण समय पर प्राप्त कर सके। अतः प्रार्थी कम 1 व प्रार्थी कम 11 के पति का नाम समस्त सरकारी दस्तावेजात में विनय गुजरावत नाम दर्ज होने से प्रार्थीगण राजस्व रिकार्ड में एसवी गुजरावत के स्थान पर विनय गुजरावत नाम दर्ज करवाने के अधिकारी है।

प्रार्थी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर कर अप्रार्थी को जर्ये सम्मन तलब किया गया। अप्रार्थी तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट प्राप्त जो शामिल मिशल है प्रार्थीगण द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में नकल जमाबन्दी ग्राम शंकर कालोनी सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 106 नकल जमाबन्दी ग्राम उदपुरिया सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 66 नकल जमाबन्दी ग्राम उदपुरिया सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 64 फोटो प्रति आधार कार्ड फोटो प्रति मतदाता पहचान पत्र फोटो प्रति पेन कार्ड फोटो प्रति अंक तालिका जाति प्रमाण पत्र फोटो प्रति बैंक पास बुक शपथ पत्र पेश किया है जन आधार कार्ड आधार कार्ड अनीता बाई जाति प्रमाण पत्र अनीता बाई मूल निवास प्रमाण पत्र पेश हुआ।

बहस अभिभाषक प्रार्थी सूनी गई बहस के दौरान वकील प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित तथ्यों को दौहराया गया। वकील प्रार्थी का कथन है कि विवादित आराजी वाके ग्राम शंकर कालोनी व उदपुरिया तहसील छबडा में स्थित है। जो प्रार्थीगण के शामलाती खातेदारी में है। प्रार्थी क्रम 1 के पिता का

उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

स्वर्गवास होने के बाद फोती नामान्तरण खोलतें समय प्रार्थी क्रम 1 का बोलता नाम एस बी गुजरावत दर्ज कर दिया जबकि प्रार्थी क्रम 1 का वास्तविक नाम विनय गुजरावत है प्रार्थी क्रम 1 को दोनो नामो से जाना जाता है ग्राम उदपुरिया की आराजी में प्रार्थी क्रम 11 अनीता बाई के पति का नाम एस बी गुजरावत दर्ज है जबकि प्रार्थीया क्रम 11 के पति का सही नाम विनय गुजरावत है प्रार्थीया के पति को दोनो नामों से जाना जाता है प्रार्थी क्रम 1 व 11 के पति का नाम राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में एसबी गुजरावत है जबकि अन्य दस्तावेजों में विनय गुजरावत दर्ज है राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी क्रम 1 एवं प्रार्थीया क्रम 11 के पति एस बी गुजरावत नाम होने तथा सरकारी दस्तावेजों में विनय गुजरावत होने से प्रार्थी क्रम 1 एवं प्रार्थीया क्रम 11 को सरकार द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं से वंचित होना पड रहा है जिससे प्रार्थीगण को आर्थिक नुकसान उठाना पड रहा है। प्रार्थी क्रम 1 एवं प्रार्थीया क्रम 11 अपने पति का नाम एसबी गुजरावत के स्थान पर विनय गुजरावत दर्ज करवाना चाहतें है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जावें।

इस सम्बन्ध में तहसीलदार छबडा से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार छबडा ने रिपोर्ट में बताया कि राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में प्रार्थी क्रम 1 का नाम एसबी गुजरावत एवं प्रार्थी क्रम 11 के पति का नाम एसबी गुजरावत दर्ज है तथा प्रार्थी क्रम 1 व 11 के दस्तावेजों में विनय गुजरावत है प्रार्थी क्रम 1 को दोनो नामों से जाना जाता है तहसीलदार रिपोर्ट में भी दोनो नाम एक ही व्यक्ति के होना बताया है।

बहस अभिभाषक प्रार्थी सूनी गई पत्रावली एवं रिकार्ड का अवलोकन किया गया। प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबन्दी ग्राम शंकर कालोनी सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 106 नकल जमाबन्दी ग्राम उदपुरिया सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 66 में प्रार्थी क्रम 1 का नाम एसबी गुजरावत दर्ज है नकल जमाबन्दी ग्राम उदपुरिया सम्वत् 2075–78 खाता संख्या 64 में अनीता बाई पत्नि एसबी गुजरावत हिस्सा 1/2 दर्ज है प्रार्थी क्रम 1 के पेन कार्ड,आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, अंक तालिका कक्षा 8 एवं बैक पास बुक तथा राज0 राज–पत्र जुलाई 2022 के शपथ पत्र के अनुसार प्रार्थी क्रम 1 का सही नाम विनय गुजरावत है इसी प्रकार प्रार्थी क्रम 1 की पत्नि अनीता बाई के आधार कार्ड, जन आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, में अनीता बाई पत्नि विनय गुजरावत दर्ज है। इससे यह साबित होता है कि प्रार्थी क्रम 1 का नाम एवं अप्रार्थी क्रम 11 के पति का सही नाम विनय गुजरावत है जबकि राजस्व रिकार्ड जमाबन्दी में एसबी गुजरावत गलत दर्ज है जिसे दुरूस्त करवाना चाहतें है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र तहसीलदार छबडा की रिपोर्ट एवं प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत अन्य दस्तावेजों के आधार पर स्वीकार किया जाना न्यायोचित है।

**:: क्रियात्मक आदेश ::**

उपरोक्त विवेचनानुसार प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है कि विवादित आराजी वाके ग्राम शंकर कालोनी तहसील छबडा के खसरा नम्बर 644 रकबा 0.3162 है0 खसरा नम्बर 703 रकबा 0.5059 है0 खसरा नम्बर



उपखण्ड अधिकारी
छबड़ा (बारां)

743 रकबा 0.1518 है0 खसरा नम्बर 763 रकबा 0.6956 है0 खसरा नम्बर 766 रकबा 1.7705 है0 खसरा नम्बर 766/1042 रकबा 0.1012 है0 खसरा नम्बर 773 रकबा 1.1761 है0 एवं ग्राम उदपुरिया के खसरा नम्बर 63/3 रकबा 1.5176 है0 में दर्ज एस बी गुजरावत के स्थान पर एस बी गुजरावत उर्फ विनय गुजरावत एवं ग्राम उदपुरिया के खसरा नम्बर 77/8 रकबा 1.5176 है0 में दर्ज अनीता बाई पत्नि एसबी गुजरावत के स्थान पर अनीता बाई पत्नि एस बी गुजरावत उर्फ विनय गुजरावत दर्ज करने आदेश तहसीलदार छबडा को दिये जातें है।

निर्णय लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

(रामसिंह गुर्जर)
उपखण्ड अधिकारी
उपखण्ड अधिकारी (आरएएस) छबडा